# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## बुधवार, 8 अप्रैल, 2015/18 चैत्र, 1937 (शक्)

----

**[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 31**

----

### शिक्षकों की नियुक्ति

***2051 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने शारीरिक रूप से अक्षम बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं व उन्हें कितने प्रशिक्षित शिक्षक पढ़ा रहे हैं;

(ख) सरकार द्वारा ऐसे अक्षम बच्चों को शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए कोई नीति निर्धारित की गई है; और क्या ये शिक्षक इन बच्चों को पढ़ाने के लिये पर्याप्त हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार बेरोजगार प्रशिक्षित शिक्षक जिन्होंने डिप्लोमा, डिग्री व बी0एड0 की है, उन्हें इन पदों पर नियुक्ति देने का विचार रखती है ?

----

### स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्तियां

***2052 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं;

(ख) वर्तमान में इन केन्द्रों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद सृजित हैं; तथा कितने रिक्त हैं; और रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; और

(ग) कितने केन्द्रों की भूमि विभाग के नाम पंजीकृत है; ब्यौरा दें?

----

## TD Rights

***2053 Shri Jai Ram Thakur (Seraj):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state:-

(a) whether it is a fact that the new TD policy has come into existence;

(b) If yes, since when; and

(c) how many people have been benefitted by this policy; district-wise details be given?

----

## Chakota Holders

***2054 Shri Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state:-

(a) what is the status of Chakota holders who have constructed houses and brought that land under cultivation prior to the enforcement of H.P. Common Village Lands Vesting and Utilization Act, 1974 in the State;

(b) whether it is a fact that only cases pertaining to period 1969-71 are being considered; and

(c) if yes, reasons thereof ?

----

## शहीद स्मारक

***2055 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में कितने शहीद स्मारक बनाये गये हैं; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) कितने ऐसे हैं जो बनाने हेतु प्रस्तावित हैं ?

----

## नलकूप को चालू करना

***2056 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) यह सत्य है कि टैरेस मण्डल के अन्तर्गत शाह नहर प्रोजेक्ट के गांव भोग्रवां (इन्दौरा) में ट्यूबवैल न0 21 व 22 का निर्माण किए हुए चार वर्ष हो चुके हैं; और

(ख) यदि हां, तो इन्हें अभी तक चालू न करने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें ?

----

## दवाइयों की कम्पनियों पर छापेमारी

***2057 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :**
**श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि हाल ही में पंजाब पुलिस ने प्रदेश के अन्तर्गत कुछ दवाई कम्पनियों पर छापेमारी की है; यदि हां, तो कब और किस-किस कम्पनी के विरूद्ध मामले बनाए गए; ब्यौरा कम्पनीशः दें; और

(ख) यह भी सत्य है कि प्रदेश की दवाईयां बनाने वाली इकाइयों के सैम्पल फेल हुए हैं; यदि हां, तो कौन-कौन सी कम्पनियां हैं; ब्यौरा दें?

----

## मल-प्रवाह योजना

***2058 श्री पवन काजल (कांगड़ा):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि वर्तमान में कांगड़ा शहर के लिए सीवरेज योजना का निर्माण कार्य चल रहा है; और

(ख) यदि हां, तो कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा ?

----

## फसलों को नुकसान

***2059 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में प्रदेश में बेमौसमी बरसात से फसलों को कितना नुकसान हुआ; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) सरकार इस नुकसान की भरपाई हेतु किसानों को क्या राहत देने का विचार रखती है ?

----

## Renewal of Leases

***2060 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state:-

(a) whether it is a fact that renewal of leases of properties both residential and commercial are frozen in Dalhousie town;

(b) since when the Government has frozen renewal of lease in Dalhousie town; and

(c) keeping in view the problems being faced by local residents will the Government frame a policy or set of rules for Dalhousie town on the issue of renewal of leases ?

----

## ई0एस0आई0 अस्पताल

***2061 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार E.S.I. अस्पताल बद्दी को अपने अधीन लेने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ख) इस अस्पताल में कितने संयन्त्र लगे हैं; उन पर कितनी धनराशि व्यय की गई और क्या सभी संयन्त्र उपयोग में लाए जा रहे हैं; यदि नहीं, तो कारण ?

----

## सिंगल अम्ब्रेला कमेटी

***2062 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में नगर निगम शिमला द्वारा सिंगल अम्ब्रेला कमेटी के अन्तर्गत Completion-Cum Revised Plan पास करने के क्या मापदण्ड हैं;

(ख) वर्ष 2014 में SUC के अन्तर्गत ऐसे कितने भवनों के Completion-Cum Revised Plan पास किए गए जिनमें ज़मीन का मालिक हिमाचली और भवन का मालिक गैर-हिमाचली है; और

(ग) ऐसे भवन मालिकों का ब्यौरा दिया जाए जिनके भवन निर्माण के समय विचलन/Deviation होने के फलस्वरूप नगर निगम द्वारा विचलन को नजर-अंदाज करके SUC के अन्तर्गत नक्शा/Plan पास किए गए ?

----

## Ambulance Facility

***2063 Shri Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state:-

(a) what is the criteria of the Government to provide 108 No. Ambulance facility in the Pradesh;

(b) whether Ramshehar under Nalagarh Assembly Constituency qualifies for the same or not; and

(c) if yes, by when this long awaited facility will be provided to the people of this area?

----

## ठेकेदारों को पेनल्टी

***2064 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हिमुडा की छवरोटी (कसुम्पटी-शिमला) आवासीय कॉलोनी के निर्माण कार्य के लिए कब-कब निविदाएं हुई; किन-किन ठेकेदारों को कब-कब कार्य अवार्ड हुए; ब्यौरा दें; और

(ख) इनमें से किन-किन ठेकेदारों ने निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं किए; उन्हें कितनी-कितनी पेनल्टी लगाई गई; ब्यौरा दें ?

----

## गत्ता फैक्टरी

***2065 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि वर्तमान में बैजनाथ में गत्ता फैक्टरी बंद है; यदि हां, तो इसकी मशीनरी व बिजली की मोटरें कब Sale हुई तथा किसने खरीदीं; ब्यौरा दें ?

----

## बर्ड फ्लू के मामले

***2066 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत एक वर्ष में प्रदेश में बर्ड फ्लू का क्या कोई मामला सरकार के ध्यान में आया है;

(ख) यदि हां, तो कहां; और

(ग) सरकार ने इससे निपटने को क्या कारगर पग उठाए हैं; ब्यौरा दें ?

----

## फर्नीचर तैयार करना

***2067 श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक 01-01-2013 से 15-02-2015 तक हिमाचल प्रदेश वन विभाग/निगम द्वारा कुल कितनी धनराशि का फर्नीचर तैयार किया गया तथा इसकी आपूर्ति किस-किस कार्यालय व विश्राम गृह को की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) इस फर्नीचर के निर्माण में विभाग/निगम का कितना व्यय हुआ तथा इससे कितनी धनराशि की बचत हुई ?

----

## अनुसूचित जाति उप-योजना

***2068 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
गत दो वर्षों में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत S.C.C.P. की कौन-कौन सी योजनाएं बजट में डाली गई हैं; ब्यौरा योजना का विभागशः दें?

----

## मृत्यु प्रमाण-पत्र

***2069 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यदि किसी घायल/ मरीज़ को एक चिकित्सा केन्द्र से इलाज हेतु दूसरे बड़े चिकित्सा केन्द्र को Refer किया जाता है और उस व्यक्ति की मृत्यु रास्ते में ही हो जाती है तो उस अवस्था में व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण-पत्र कौन सी Agency प्रदान करती है; ब्यौरा दें ?

----

## बाल विकास परियोजना कार्यालयों में रिक्तियां

***2070 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में पंचरुखी एवं लम्बागांव के बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय में कौन-कौन से पद सृजित हैं;

(ख) इन में से कितने रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; और

(ग) इन भवनों के लिए भूमि क्या विभाग के नाम हस्तान्तरित कर दी गई है; ब्यौरा दें?

----

## स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना

***2071 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वित्तीय वर्ष 2014-15 में प्रदेश सरकार ने कुल कितने PHC/CHC/FRU/Civil Hospital खोलने के लिए बजट प्रावधान रखा था;

(ख) कितने स्वास्थ्य संस्थान खोले गए; और

(ग) सरकार ने क्या उपरोक्त संस्थानों को खोलने हेतु कोई नीति निर्धारित की है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा दें?

----

## Shifting of Block Medical Office

***2072 Shri Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state:-
(a) whether it is a fact that the B.M.O. Office Nurpur is being run from CHC Gangath;

(b) it is also a fact that there are two B.M.O. Offices in Indora Constituency; and

(c) if so, whether the Government is considering to shift one B.M.O. Office to Nurpur in larger Administrative and Public Interest?

----

## अधिशासी अभियन्ताओं की रिक्तियां

***2073 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में प्रदेश में हिमुडा के अन्तर्गत अधिशासी अभियन्ताओं के कितने पद सृजित हैं; उनमें से कितने पद कब से रिक्त हैं; और

(ख) रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## अनियमितताओं पर कार्रवाई

***2074 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में ऊना जिला के अन्तर्गत चल रही स्वां एकीकृत जलागम प्रबन्धन परियोजना में कितनी धनराशि किस-किस कार्य पर खर्च की जा चुकी है; ब्यौरा कार्य का खर्च की गई धनराशि सहित दें; और

(ख) सरकार को इस परियोजना में हो रही अनियमितताओं की क्या शिकायत प्राप्त हुई है; यदि हां, तो उस पर क्या कार्रवाई हुई है; ब्यौरा दें ?

----

## कार्यालय की स्थापना

***2075 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार जिला बिलासपुर के अन्तर्गत स्वारघाट तहसील मुख्यालय में तहसील कल्याण कार्यालय खोलने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

----

## भूमि मालिकों के नाम इन्द्राज

***2076 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में जिला न्यायालय परिसर चक्कर (करेडू) सड़क निर्माण के लिए कितनी भूमि अधिग्रहित की गई; और

(ख) इस सड़क के निर्माण उपरान्त जो भूमि शेष बच गई है; क्या उसका इन्द्राज निजी मालिकों के नाम कर दिया गया है; यदि नहीं, तो कब तक कर दिया जाएगा ?

----

## आंगनबाड़ी केन्द्र

***2077 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दून विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आंगनबाड़ी केन्द्र हैं; ब्यौरा स्थान व पंचायतवार दें; और

(ख) सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन क्या बन चुके हैं; यदि नहीं, तो कब तक निर्माण कर दिया जाएगा ?

----

## Schemes under SCCP

***2078 Shri Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state:-

(a) for the last three years how many schemes of water supply, irrigation & flood control appeared in the budget under SCCP (damand No. 32) State Sector under Nalagarh Assembly Constituency;

(b) how many of these schemes have been accorded A/A & E/S by the competent authority;

(c) whether it is a fact that the difference between the schemes appeared in the budget and A/A & E/S accorded is significant; and

(d) if yes, by when the A/A & E/S of the rest of the schemes will be accorded?

----

## रिक्तियां

***2079 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में तहसील मुलथान के अन्तर्गत कितने पटवार सर्कल हैं तथा कितने कानूनगो व पटवारी कार्यरत हैं तथा कितने -कितने पद खाली हैं; ब्यौरा दें ?

----

## राजस्व प्रशिक्षण संस्थान

***2080 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जोगिन्द्रनगर उप-मण्डल के अन्तर्गत झलवाण में निर्मित राजस्व प्रशिक्षण संस्थान के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई;

(ख) वर्तमान में इस परिसर के कौन-कौन से निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे हैं; और

(ग) इस कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है व लोक निर्माण विभाग को कितनी धनराशि का भुगतान कर दिया गया है तथा कितना भुगतान शेष है; ब्यौरा दें ?

----

## खम्भों की खरीद

***2081 श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 01-01-2013 से 15-02-2015 तक वनों को संरक्षित रखने के लिए कितनी धनराशि के RCC खम्भे (Poles) खरीदे गए;

(ख) इन पोलों को खरीदने के लिए टैण्डर कब-कब जारी किए गए तथा इसके लिए क्या टैण्डर प्रक्रिया अपनाई गई;

(ग) टैण्डर प्रक्रिया में कौन-कौन सी फर्में सम्मिलित हुईं तथा उनके द्वारा क्या-क्या रेट अंकित किए गए; और

(घ) पोल किन-किन फर्मों से कितनी-कितनी धनराशि के क्रय किए गए; ब्यौरा राशि सहित फर्मवार दें ?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 23 मार्च, 2015.** **सचिव।**